कुलसचिव कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय,
(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)
लखनऊ–226007
Web.: www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phone/Fax : 0522-2740412

University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

सन्दर्भ संख्या R/287/2025
दिनांक 01/03/2025

सेवा में,

प्रबंधक / प्राचार्य / प्राचार्य,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
(लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली एवं लखीमपुर खीरी)
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय / महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि अपर मुख्य सचिव, महामहिम श्री राज्यपाल के दिये गये निर्देश के क्रम में मा० कुलपति महोदय के आदेश के अनुपालन में लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में निम्नलिखित कार्यक्रमों का होना सुनिश्चित हुआ है:–

1. **दिनांक 07.03.2025 को 11:00 बजे से 12:00 बजे मध्यान्ह तक (एक घंटे के लिए)** पढ़े विश्वविद्यालय / पढ़े महाविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय / बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। **इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालयों के छात्र–छात्राएं एवं अभिभावक गण तथा अपने महाविद्यालय में तैनात कार्मिकों के एक साथ पुस्तक पढने के कार्यक्रम को महाविद्यालय परिसर में आयोजित कराया जायेगा इसके साथ ही विश्वविद्यालय के द्वारा गोद लिये गये गांवों के बच्चों को भी उपरोक्त कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा।**
2. **योग दिवस की भांति दिनांक 07.03.2025 को 12:15 बजे अपरान्ह समस्त महाविद्यालयों में दहेज नहीं लेना, दहेज नहीं देना की प्रतिज्ञा, दहेज प्रथा निवारण प्रतिज्ञा में दहेज नहीं लेंगे तथा दहेज नहीं देंगे** को सम्मिलित करके कार्यक्रम का आयोजन किया जाय तथा **नशा मुक्ति प्रतिज्ञा** का कार्यक्रम भी इसी प्रकार आयोजित किया जाय।

अतः अनुरोध है कि उक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए उपरोक्त आयोजित कार्यक्रमों की प्रतिज्ञा सम्बन्धी सूचना (संलग्न प्रारूप एवं शपथ पत्र) अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद को ई–मेल cdc@lkouniv.ac.in पर उपलब्ध करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में किसी भी जानकारी के लिए अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद से दूरभाष – 7991200507 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

संलग्नकः– शपथ पत्र एवं प्रारूप।

भवदीय,
1.3.2025
(विद्या नन्द त्रिपाठी)
कुलसचिव
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

पत्र संख्याः–.......................... **दिनांकः–**..........................

प्रतिलिपिः–

1. सचिव कुलपति को मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया जी के सूचनार्थ।
3. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने स्तर से भी समन्वय स्थापित करने का कष्ट करें।
4. इंचार्ज वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित समस्त महाविद्यालयों को ई–मेल के माध्यम से सूचना प्रेषित करने का कष्ट करें।

(कुलसचिव)

दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि विवाह के पवित्र बन्धन को दहेज रूपी सौदे से मुक्त रखूंगा। स्वयं दहेज न लूंगा और न ही दूंगा। दहेज लेने वालों और देने वालों का विरोध करूंगा और लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराऊंगा। अपने परिवार, मित्रों, और समुदाय को दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूक करूंगा, पारिवारिक सम्बन्धों की मधुरता के प्रति संवेदनशील होने का दायित्वबोध कराऊंगा।

अपने जीवन में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से भारत को एक दहेज मुक्त, समतामूलक, जिम्मेदार और स्वस्थ विचारों का पोषक समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

****

नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि किसी भी प्रकार के नशे अथवा मादक पदार्थ का सेवन न स्वयं करूंगा, न ही अन्य को प्रोत्साहित करूंगा । नशे से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में परिवार मित्र, समाज व जन–जन को जागरूक करूंगा। किसी भी प्रकार के नशे के व्यापार की जानकारी मिलने पर मैं प्रशासन को इसकी सूचना दूंगा और कानूनी कार्यवाही का समर्थन करूंगा।

मेरा भारत देश एक नशा मुक्त, स्वस्थ, प्रगतिशील व समृद्ध राष्ट्र कहलाए इसके लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

28/02/25

Scanned with CamScanner

प्रारूप

क्र0 सं0	विश्वविद्यालय का नाम	विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या	महाविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या	गोद लिये गये गावों में प्रतिभागियों की संख्या	अन्य प्रतिभागियों की संख्या	योग	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8

Scanned with CamScanner